# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

**सत्र: २०२५-२६**

**कक्षा:- चार** **विषय:हिंदी** **पाठ:३ हंस किसका ?**

**कठिन शब्द**

**१) कपिलवस्तु**

**२) जीव- जंतुओं**

**३) सिद्धार्थ**

**४) घोंसलों**

**६) प्रसन्नतापूर्वक**

**७) चहचहाना**

**८) रक्त**

**९) देवदत्त**

**१०) चिकित्सा**

**११) मरहम-पट्टी**

**१२) फ़ैसला**

**१३) अन्याय**

**१४) अधिकार**

**१५) सिद्ध**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न१) बगीचे की सुंदरता का वर्णन कीजिए ।

उत्तर बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले थे । ठंडी हवा चल रही थी ।

पक्षी अपने घोसलों में लौट रहे थे ।वह प्रसन्नतापूर्वक चहचहा रहे थे ।बगीचा का दृश्य बहुत सुंदर था ।

प्रश्न२) रक्त बहने पर सिद्धार्थ ने क्या किया ?

उत्तर रक्त बहने पर सिद्धार्थ ने अपनी धोती का कोना पानी में भिगोकर हंस का घाव साफ किया और पट्टी बंधी ।

प्रश्न३) देवदूत ने कौन सी बात खुशी-खुशी मान ली ?

उत्तर सिद्धार्थ ने कहा, कि पहले मैं इस हंस की चिकित्सा कराऊँगा और जब यह हंस पूरी तरह से ठीक हो जाएगा तब इसका फैसला राज दरबार में होगा । यह बात देवदत्त ने खुशी-खुशी मान ली ।

प्रश्न४) राजा ने क्या फैसला सुनाया ?

उत्तर राजा ने फ़ैसला सुनाया कि मारने वाले से महान बचाने वाला होता है, इसलिए हंस सिद्धार्थ को मिलना चाहिए । आगे राजा ने कहा कि हंस को देवदत्त और सिद्धार्थ के बीच में रखा जाएगा यदि हंस सिद्धार्थ के पास जाएगा तो उसे मिलेगा।

रिक्त स्थान भरिए।

१)सिद्धार्थ को सभी __________ से बहुत प्यार था ।

२) अचानक पक्षियों ने ___________ बंद कर दिया और चीखने लगे ।

३) ___________ को घायल हंस पर दया आ गई ।

४)वह ________ को गोद में लिए लिए घूमता रहा ।

५) सिद्धार्थ और ___________ दोनों हंस की और हाथ फैला कर उसे पुकारने लगे ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए

१)तलाश- खोज

पक्षी भोजन की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं ।

२)चिकित्सा- इलाज

सरकारी अस्पतालों में रोगियों के चिकित्सा मुफ्त की जाती है ।

३)सिद्ध - प्रमाणित

राम ने अपनी बेगुनाही सिद्ध करने के लिए जज के समक्ष सबूत प्रस्तुत किया ।

४)रक्त -खून

राम के शरीर से सड़क दुर्घटना में काफ़ी रक्त बह गया ।